

# ऑनस्क्रीन सारा का किरदार निभाने के लिए बहुत उत्साहित हूं: आलिया

बॉलीवुड में अपने पैर जमाने से पहले ही आलिया एफ इंटरनेट पर सनसनी की तरह छाई हुई है। बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार युवा अभिनेत्री आलिया फर्नीचरवाला अपनी डेब्यू फिल्म में देश के युवा दिलों की धड़कन अभिनेत्री सारा अली खान की भूमिका निभाते हुए नज़र आएंगी।

आलिया सोशल मीडिया पर अपनी सिजलिंग तस्वीरों के साथ खूब सुर्खियों बटोर रही हैं, ऐसे में उनके बॉलीवुड डेब्यू की खबर इंटरनेट पर सनसनी की तरह फैल गयी है।

डेब्यू के बारे में बात करते हुए अलाया ने कहा, बहुत ज़्यादा उत्साहित हूं!! और वास्तव में खुश हूं कि मैं एक ऐसे समय में अपनी शुरुआत कर रही हूं जब अभिनेत्रियों के लिए बहुत कुछ उपलब्ध है। जान्हवी और सारा ने पिछले साल अपनी शुरुआत की, और इस साल अनन्या, मैं और अन्य लोग डेब्यू कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम सभी की फिल्मों का चयन एक-दूसरे की पसंद से इतने भिन्न हैं कि यह इसे और अधिक रोमांचक बनाता है। हमारी फिल्म इंडस्ट्री ने हाल ही में विभिन्न प्रकार की फिल्में देखी हैं और मुझे ऐसा लगता है कि हम सभी नए कलाकार विभिन्न प्रकार के अवतार पर हाथ आजमा रहे हैं। हम में से हर एक अपनी खुद की वैयक्तिकता और अपनी पसंद पेश कर रहा है। हम इसमें फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। हालांकि आलिया की पहली फिल्म दर्शकों के लिए बहुप्रतीक्षित खबर रही है, वही रील लाइफ में सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान का किरदार निभाने की खबर ने यह उत्साह दो गुना बढ़ा दिया है। अपनी भूमिका के बारे में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए, युवा अभिनेत्री ने कहा, यह एक अजीब बात है। मैं सैफ अली खान की बेटी का किरदार निभा रही हूं लेकिन असल जिंदगी की सारा का नहीं। इतना ही नहीं, मैं जो किरदार निभा रही हूं, वह वास्तव में कई मायनों में मेरे जैसा है! जो मेरे लिए, एक डेब्यू फिल्म में बहुत अच्छी बात है क्योंकि इस फ़िल्म में दर्शकों न केवल को मुझे अभिनय और प्रदर्शन करते देखने मिलेगा, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन की भी थोड़ी सी झलक देखने मिलेगी। और यह कहना चाहूँगी कि मैं सैफ की ऑनस्क्रीन बेटी के रूप में अपनी शुरुआत करने के लिए उत्साहित हूं। वह सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक है और मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने की उम्मीद है! कलाकारों के परिवार से तालुख रखने वाली, आलिया अभिनेत्री पूजा बेदी की बेटी हैं, और इसीलिए उन्हें अभिनय का हुनर विरासत में मिला है।

आलिया एफ फिलहाल सबसे कम उम्र की कलाकार है जिसने अपनी पहली फिल्म की घोषणा के साथ हर किसी आश्चर्यचकित कर दिया है।

# डेजी शाह पसंद नहीं है लेट होना, ऐसे दिया फिल्म की टीम को सरप्राइज़

बॉलीवुड में फिल्म स्टार के नखरे और उनके सेट पर लेट होने की खबरें आती रहती है लेकिन हिंदी सिनेमा जगत में कुछ ऐसे स्टार भी हैं जो अपने काम और सेट पर सही समय पर पहुंचने को लेकर काफी पाबंद होते हैं.

इस लिस्ट में एक नाम है बॉलीवुड अभिनेत्री डेजी शाह का. सलमान खान के साथ फिल्म जय हो और रेस 3 में नज़र आई डेज़ी को भी सेट पर देरी से पहुंचना पसंद नहीं है.

अपने काम को लेकर बेहद गंभीर रहने वाली डेज़ी अपनी आने वाली फिल्म गुजरात 11 में एक फुटबॉल कोच के रूप में नजर आने वाली हैं.


फिल्म के पहले दिन ही डेजी सेट पर सबसे पहले पहुंच कर फुटबॉल का अभ्यास करने लगी. दरअसल इस फिल्म के लिए डेजी को फुटबॉल की प्रैक्टिस करने को कहा गया था. इस फिल्म की टीम को इस बात का ध्यान रखना था कि सब समय से सेट पर पहुंचे.

आमतौर पर फिल्म की लीड हमेशा बाकी क्रू से बाद में सेट पर पहुंचती है लेकिन डेजी समय को लेकर काफी पाबंद हैं और उन्होंने ये बात तब साबित की जब वो सेट पर सबसे पहले पहुंची.

इस फिल्म की टीम के एक सदस्य ने डेजी की तारीफ करते हुए कहा, जब हमने डेज़ी को फिल्म के सेट पर पहले पहुंच कर प्रैक्टिस करते हुए देखा तो हम बहुत आश्चर्यचकित थे. सेट पर समय से पहले पहुंचना और फिल्म के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है.

बता दें कि इस फिल्म में उनके साथ प्रतीक गांधी दिखाई देने वाले हैं. डेजी शाह ने इंटरव्यू में बताया था कि उनके दोस्त ने उन्हें यह सुझाव दिया कि बॉलीवुड के अलावा भी उन्हें दूसरी भाषाओं में काम करना चाहिए ऐसे में जब बात मेरी मातृभाषा की फिल्म की आई तो मैं इंकार नहीं कर सकी.

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)





# दिवंगत श्रीदेवी की बायोपिक करना पसंद करेंगी विद्या बालन

अभिनेत्री विद्या बालन दिवंगत अदाकारा श्रीदेवी को श्रद्धांजलि देने के तौर पर उनकी बायोपिक में मुख्य भूमिका निभाना पसंद करेंगी।

एक बयान में कहा गया कि विद्या ने स्टारी नाइट्स 2. ओ! के एक एपिसोड में अपनी यह इच्छा जाहिर की।

बोल्ड किरदारों को चुनने के पीछे की वजह पूछने पर विद्या ने कहा, मैं इस भावना के साथ बड़ी हुई कि मैं अपनी जिदंगी में सबसे महत्वपूर्ण शख्सियत हूं और मुझे लगता है कि इसी से सारा फर्क पड़ता है। जब मुझे इश्किया करने का प्रस्ताव मिला तो मुझे लगा कि ऐसी कम ही पटकथा होती हैं जिसमें एक महिला के लिए जूसी रोल हो और जब मैंने इसे पढ़ा तो मुझे यह बेहद पसंद आई। जब शो के मेजबान कोमल नाहटा ने पूछा कि अगर दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की बायोग्राफी बनती है तो क्या वह काम करना चाहेंगी इस पर अभिनेत्री ने कहा, इसके लिए काफी हिम्मत की जरूरत होगी लेकिन श्रीदेवी को श्रद्धांजलि के तौर पर मैं करना चाहूंगी। वह इस चैट शो में अपनी बहन प्रिया के साथ शामिल हुईं।

एपिसोड रविवार को जी कैफे चैनल पर प्रसारित होगा।

## महेश बाबू ने सुकुमार के साथ काम को दिया विराम

तेलुगू सुपरस्टार महेश बाबू ने खुलासा किया है कि वह फिल्म निर्देशक सुकुमार के साथ अगली फिल्म नहीं कर रहे हैं। उन्होंने रचनात्मक मुद्दे को लेकर काम रोक दिया है। महेश ने यह घोषणा एक ट्वीट के जरिए की है। उन्होंने कहा, क्रिएटिव इश्यु के चलते मैं सुकुमार के साथ फिलहाल कोई फिल्म नहीं कर रहा हूं। उनके नए प्रोजेक्ट की घोषणा के लिए मेरी शुभकामनाएं हैं। फिल्ममेकर का हमेशा सम्मान। 1 : निनोक्काडाइन क्लासिक और अलग तरह की फिल्म होगी। इस फिल्म में काम करते हुए मैंने हर पल को जिया है।

तेलुगू स्टार के हाथ में अभी एक और फिल्म है। इस अनाम फिल्म का काम एक साल से अटक हुआ है। इस पर काम इस साल शुरू हो जाने की उम्मीद है। पहले चर्चा थी कि महेश और सुकुमार एक साथ तेलुगू साइकोलाजिकल थ्रिलर 1 : निनोक्काडाइन फिल्म में काम कर रहे हैं, जो बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी।